Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 06-12-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

an>

Title: Need to set up a Power Grid Station at Shivhar, Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : महोदय, यह सर्वविदित है कि देश में बिहार में विद्युत के क्षेत्र में सभी क्षेत्रों से पिछड़ा प्रदेश है। इधर भारत सरकार के सहयोग से बिहार में विद्युत के क्षेत्र में व्यापक कार्यक्रम लिए गए हैं। इसी क्रम में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, ग्रीड एवं सब ग्रीड स्टेशनों का निर्माण बरौनी एवं कांटी थर्मल पॉवर स्टेशन, कहलगांव एवं वाद में विद्युत कर विस्तार करना शामिल है।

बिहार प्रदेश का शिवहर जिला मुख्यालय एक पिछड़ा एवं अविकसित जिला है। अभी विद्युत ग्रीड स्टेशन शिवहर से 70 किलोमीटर पर मुजफ्फरपुर, 60 किलोमीटर पर मोतिहारी, 40 किलोमीटर पर सीतामढ़ी में ग्रीड स्टेशन है। इस कारण शिवहर जिले में विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण विद्युतीकरण आदि कार्य संतोाजनक ढंग से नहीं हो रहा है।

मैं माननीय विद्युत मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जिला मुख्यालय शिवहर में ग्रीड स्टेशन बनाया जाये।